**खबर संक्षेप**

### कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर आदिवासी बालक छात्रावास अंजनिया के 3 भृत्य निलंबित

**मण्डला।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया के औचक निरीक्षण के दौरान आदिवासी बालक छात्रावास अंजनिया में ड्यूटी पर अनुपस्थित पाए जाने, भोजन व्यवस्था संबंधी दायित्व न निभाने, साफ-सफाई तथा अन्य सुविधा संबंधी दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतना पाए जाने पर 3 भृत्यों को निलंबित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग मंडला द्वारा एसडीएम के औचक निरीक्षण के बाद संबंधित तीनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उनके द्वारा प्रस्तुत प्रतिउत्तर असंतोषजनक पाए जाने पर भृत्य श्री रविन्द्र मरावी, श्री मनीष कुमार मसराम एवं श्री अभिषेक धुर्वे को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1)(क) के अंतर्गत निलंबित किया गया है। कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग मंडला द्वारा जारी निलंबन आदेशानुसार निलंबन अवधि में उक्त तीनों का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मवई जिला मंडला निर्धारित किया गया है।

### जिले में अब तक 1364.5 मिमी वर्षा


**मण्डला।** मंडला जिले में एक जून से 25 अगस्त तक की अवधि में औसत रूप से कुल 1364.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 25 अगस्त की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 6.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन मंडला में 1 मि.मी., निवास में 12.4, घुघरी में 14.6 मि.मी. एवं नारायणगंज में 10.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

**जवाबदार अधिकारियों को लिखा गया पत्र, नहीं हुई कोई कार्यवाही**

# दो माह से स्वास्थ्य केंद्र में लटका ताला

*** उपचार के लिये क्षेत्रवासी हो रहे परेशान।**






हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंडा एवं पाडीवारा के उप स्वास्थ्य केंद्र में दो महीने से अधिक हो गए ताला लटका हुआ है जिससे जनता को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा में लिखित शिकायत दर्ज कर आवेदन स्वास्थ्य अधिकारी नारायणगंज को दी गई परंतु अभी तक उप स्वास्थ्य केंद्र में नर्स पदस्थ नहीं हुई है ज्ञात होवे की विगत दिनों ट्रांसफर होने के कारण उप स्वास्थ्य केंद्र से नर्सों का ट्रांसफर हो गया इसके बाद अभी तक कोई नर्स या कोई कर्मचारी सदस्य नहीं है जिससे दोनों पंचायत की जनता परेशान हो रही है इस समय सर्दी जुकाम एवं बॉयलर फीवर बहुत ही जोर पड़ा हुआ है लोग मजबूरी बस झूला छाप डॉक्टरों से इलाज करना पड़ता है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है झोलाछाप डॉक्टर द्वारा अनाप-शनाप फीस ली जाती है एक और शासन स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में दुरस्त करने की बात कहती है परंतु विगत माह से उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटका हुआ है जिससे लोगो की अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं नारायणगंज समुदाय स्वास्थ्य केंद्र से करीब 30 35 किलोमीटर दूर यह उप स्वास्थ्य केंद्र पड़ता है और रोड खराब होने के कारण लोगों को इलाज के लिए नारायणगंज आने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है ग्राम पंचायत सरपंच एवं सभी नागरिकों ने अपील की है कि तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र कुंडा में नर्सों की व्यवस्था की जाए जिससे लोगों को जो परेशानी हो रही है वह दूर हो सके।

### झोलाछाप डॉक्टरो का नारायणगंज एवं आसपास क्षेत्र में आतंक

जनपद पंचायत नारायणगंज एवं आसपास क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर हर गांव हर मोहल्ले में इलाज कर रहे हैं और मनमाने ढंग से फीस वसूल कर लोगों को लूट खसोट कर रहे हैं परंतु इन डॉक्टरों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है पैथोलॉजी सेंटर में खुलेआम खून पेशाब की जांच की जा रही है जो की प्राइवेट डॉक्टर से संबंधित हैं नारायणगंज के अलावा आसपास क्षेत्र में भी झोलाछाप डॉक्टरों का आतंक मचा हुआ है इन दिनों इन लोगों का सीजन है बॉयलर फीवर सर्दी बुखार मलेरिया आदि के मरीज से लूट कर उन्हें आर्थिक स्थिति कमजोर कर रहे हैं नारायणगंज में अभी तक ऐसी कोई झोलाछाप डॉक्टर पर कार्यवाही अधिकारी द्वारा नहीं की गई जिससे लोगों में जन चर्चा है आसपास क्षेत्र में भी झोलाछाप डॉक्टर इलाज कर रहे हैं और अपने पास की दवाइयां मरीजों को अधिक रेट में देकर उन्हें लूट रहे हैं अन्य विकास खण्ड में झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की गई एवं उनके क्लीनिक सील कर दिए गए परंतु मात्रा नारायणगंज विकासखंड क्षेत्र एक ऐसा है जहां पर अभी तक किसी डॉक्टर की क्लीनिक शील नहीं की गई ना ही जांच की गई जिससे उन लोगों में हौसले बुलंद हैं और हर मोहल्ले हर गली में डॉक्टर अपने क्लीनिक खोलकर बैठे हैं कुछ ऐसे डॉक्टर हैं जो अपने पास से ही दवाइयां दे रहे हैं और मोटी रकम उनसे वसूल कर रहे हैं नारायणगंज के माने गांव खमरिया घोटखेडा कुंडा पाठा चिरई डोंगरी बामहनी भावल आदि जगह में झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक खुली है खुलेआम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं जब उनसे कोई मामला बिगड़ जाता है तो वह जबलपुर या मंडला रेफर कर देते हैं इन डॉक्टरों के क्लीनिक में भीड़ लगी रहती है क्लीनिक में ग्लूकोज की बाटल एवं अन्य बाटल लगाई जा रही हैं और खुलेआम लूट रहे हैं मरीजों को अतः उच्च अधिकारी से निवेदन है कि तत्काल ठोस कार्यवाही इन झोलाछाप डॉक्टर पर की जावे जिससे जनता के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का खिलवाड़ ना हो पाए।

## जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी ने दिया धरना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिले के स्वास्थ्य ढांचे की बदहाल स्थिति और जिला अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी को लेकर आम आदमी पार्टी सोमवार से धरना पर बैठ गई है जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी 25 अगस्त से 27 अगस्त तक चरणबद्ध तरीके से धरना दे रही है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है जिसके चलते मरीजों को सही समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग अक्सर जबलपुर या अन्य जिलों का रुख करने को मजबूर होते हैं। यह स्थिति आम जनता के लिए बेहद चिंता का विषय है। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया कि 27 अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पार्टी ने जिला प्रशासन को चेतावनी भी दी है कि अगर शीघ्र ही डॉक्टरों की नियुक्ति और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन और भी उग्र किया जाएगा। वही उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ, पेट रोग, ईएनटी (कान, नाक, गला), स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विभागों के डॉक्टरों की भारी कमी है। इससे न केवल स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों की जान पर भी बन आती है। आम आदमी पार्टी ने इस आंदोलन को जनता की आवाज बताते हुए कहा है कि स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवा पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान जिले भर के कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंच रहे हैं। वहीं आम जनता ने भी इस धरना प्रदर्शन कर समर्थन किया है।



### रजिस्ट्रीकरण तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण 27 को

**मण्डला।** पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2025 हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) नियुक्त किये गये हैं। सर्वसंबंधित का 27 अगस्त को दोपहर 2 बजे से मतदाता सूची के तैयारियों के संबध में जिला योजना भवन मण्डला में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में खण्ड पंचायत अधिकारी तथा खण्ड स्तरीय मास्ट ट्रेनर्स को अनिवार्यतः उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## नर्मदा परिक्रमा पथ के लिए 26 लोकेशन पर भूमि का चिन्हांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट ने कहा कि टीएल के प्रकरणों में समय पर समुचित कार्यवाही करते हुए रिप्लाई करें। जिन प्रकरणों में जवाब प्रस्तुत किया जा चुका है, उन्हें डिस्पोज कराएं। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि अगस्त माह की शिकायतों का अभी से निराकरण शुरू कराएं। जिससे अंतिम समय में शिकायतों का अधिक दबाव न रहे। अगस्त माह की शिकायतों के साथ-साथ 50 दिवस वाली शिकायतों को भी संतुष्टिपूर्वक बंद कराएं।

प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि आगामी 28 अगस्त को समाधान ऑनलाईन की समीक्षा है। सभी विभाग प्रमुख इसके एट्रीब्यूट्स के आधार पर प्रकरणों को शीघ्र बंद कराएं। सीएम मॉनिट के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि लम्बित सभी 13 शिकायतों को आज शाम तक निराकृत कराना सुनिश्चित करें। जिससे मंगलवार को होने वाली कमिश्नर वीसी में जिले की स्थिति बेहतर हो। समग्र ई-केवाईसी की



प्रगति की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार ओवरऑल 88 प्रतिशत का लक्ष्य है। जिस सेक्टर के अधिकारी का लक्ष्य पूर्ण नहीं होगा उनका वेतन जारी नहीं किया जायेगा।

बैठक में अंतर्विभागीय बिन्दुओं के अंतर्गत छात्रावासों के लिए भूमि आवंटन, नर्मदा परिक्रमा पथ के लिए 26 लोकेशन पर भूमि चिन्हांकन एवं आवंटन के विषय में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर श्री आकिप खान, एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

समय सीमा की बैठक के दौरान सिटिजन बेस्ड एप्लीकेशन लोकपथ पोर्टल पर आधारित प्रेजेन्टेशन के माध्यम से सड़कों की मॉनिटरिंग के संबंध में तकनीकी जानकारी साझा की गई। इस एप्लीकेशन के माध्यम से पीडब्ल्यूडी तथा अन्य एजेंसियों की सड़कों के संबंध में मरम्मत की जरूरत होने की शिकायतें ऑनलाईन मिल सकेंगी। जिससे संबंधित विभाग या एजेंसी द्वारा कम समय में लोकेशन को एड्रेस करते हुए आवश्यकतानुसार सड़कों की मरम्मत कराई जा सकेगी। लोकपथ पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को ऑफिसर लॉगिन के माध्यम से संबंधित अधिकारी द्वारा मॉनिटर किया जाना आसान होगा।

## प्रकाशमणि जी की 18 वीं पुण्य स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज मार्ग, बस स्टैंड के पीछे विश्व शांति भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मंडला क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी साथ में ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन एवं ब्रह्माकुमार भाई बहने उपस्थित रहे। सुबह मुरली क्लास हुई, दादी जी के निमित्त भोग लगाया गया।





राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने दादी जी की विशेषताएं सुनाई कि दादीजी में स्नेह और शक्ति का अद्भुत सन्तुलन था। सभी की विशेषताओं को पहचान कर उन्हें सेवा में लगाना, सभी को सम्मान व स्नेह देना, माँ की तरह कमियों को मन में न रखकर, न केवल क्षमा करना बल्कि उन्हें और ही स्नेह देकर आगे बढ़ाना, ये सब दादीजी के गुण थे, जो सबको एक सूत्र में बांधे रखते थे। इसके बाद सभी ने दादी जी को पुष्पांजलि, श्रद्धांजलि अर्पित की।

**योजना** | **आदि सारथी तथा आदि सहयोगियों का किया जायेगा चिन्हांकन।**

# ग्रामों का होगा ओवर ऑल प्लान तैयार

*** टोलो की दूरी अधिक तो अलग-अलग बनेगा प्लान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला योजना भवन में धरती आबा अंतर्गत चिन्हित 716 ग्रामों के लिए रिस्पोंसिव गवर्नेंस प्रोग्राम के तहत विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में बैठक की गई। बैठक में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 4 स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। 7 विभागों के चिन्हित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का 4 दिवसीय प्रशिक्षण भोपाल में पूर्ण हो चुका है। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सभी 9 विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स को जिला स्तर पर प्रशिक्षित किया गया है। विकासखंड स्तर तथा ग्राम स्तर पर इनके द्वारा आदि सारथी तथा आदि सहयोगियों को चिन्हित करते हुए प्रशिक्षित किया जायेगा। ग्राम स्तर पर रोस्टर बनाकर इसके लिए ग्राम स्तरीय प्लान भी तैयार किए जाएंगे। इसमें गैर सरकारी संगठनों की भी मदद ली जा रही है। विभागों के ग्राम स्तरीय अमले के साथ-साथ जनजातीय क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी इस अभियान से जोड़ा जायेगा। जिससे ग्राम स्तरीय प्लान बेहतर ढंग से तैयार कराया जा सके। सभी ग्रामों में तैयार प्लान को जिला स्तर पर कम्पाईल किया जायेगा।

प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने बैठक में कहा कि धरती आबा अंतर्गत चिन्हित सभी जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में मैदानी अमले को आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ट्रांजेक्टवॉक तथा पीआरए करते समय ही समग्र प्लान के लिए सेचुरेशन मोड पर काम करना होगा। पीआरए के दौरान सभी प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ मानव निर्मित संसाधनों को भी ध्यान में रखना होगा। जिससे ग्राम का ओवरऑल प्लान तैयार किया जा सके। यदि किसी ग्राम में एक से अधिक टोले या फलिए के बीच में अधिक दूरी है तो अलग-अलग टोले के लिए अलग-अलग प्लान भी तैयार किया जा सकता है जिसे ग्राम स्तर पर कम्पाईल कर एक प्लान तैयार किया जायेगा। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसडीएम घुघरी हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, उपसंचालक सामाजिक न्याय रोहित बड़कुल, सहायक संचालक आदिवासी विकास रंजीत गुप्ता सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



## वन्य जीव संरक्षण हेतु नवीन कार्यक्रम बघवा संगत की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

कान्हा टाइगर रिज़र्व प्रबंधन द्वारा दिनांक 23/07/2025 से इको विकास समिति सदस्यों से संवाद बढ़ाने, बुजुर्गो के अनुभव समझने, ग्रामीणों की समस्यायों से रूबरू होकर उनके निवारण हेतु सार्थक पहल करने के साथ साथ आपसी समन्वय बढ़ाते हुए वन और वन्यजीव संरक्षण मे सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से एक नवीन कार्यक्रम *बघवा संगत* की शुरुवात परिक्षेत्र सिझोरा बफर के ग्राम धरमपुरी से की है। इस अवसर पर प्रस्तुतीकरण, वीडियो, शार्ट मोटिवेशनल फिल्म आदि के माध्यम से वन्य जीव संरक्षण एवं ग्राम विकास के विषयो पर परिचर्चा की गईं।



**इनका कहना है :-**

*कान्हा टाइगर रिजर्व से लगे ग्रामों में रहने वाले निवासियों के साथ संवाद करने के लिए नियमित रूप से एक कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसे बघवा संगत नाम दिया गया है इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण जनों तक पहुंचकर उनके साथ विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा और उनकी समस्याओं आदि के बारे में चर्चा कर उसका समाधान किया जाएगा और वन्य प्राणी संरक्षण के विषय में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आज भारी बारिश के बीच पोला त्यौहार के अवसर पर सायं मे ग्रामीणों की उपस्थिति ने हमारा उत्साह बढ़ाया है। नियमित रूप से ग्रामों मे सायं मे यह कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।*

**-आशीष कुमार पांडे,**
**(SDO बफर क्षेत्र कान्हा टाइगर रिजर्व)**

## खबर संक्षेप

### अंगूठी वापिस मांगी तो कर दी पिटाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम झिरिया माता निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे चाचा शंकर द्वारा जब जमीन खरीदी थी तो प्रार्थी ने सोने की अंगुठी दी गई थी जिसे चाचा ने गिरवी रख दी गई थी। जब बीते हुये दिवस प्रार्थी ने अपने चाचा से अंगूठी वापिस मांगी तो चाचा के लडका संतोष, रमेश व चाचा शंकर ने एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### कल्हाडी मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ पलोहा थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम भटेरा निवासी अमित पिता कल्लू सिंह राजपूत द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब में खेत मवेशी चराने के लिये जा रहा था उसी दौरान तिरहा के पास संतोष राजपूत मिला और पुरानी बुराई को लेकर झूमा झटकी करने लगा। इसी दौरान संतोष जो कुल्हाडी रखे हुये था वह कुल्हाडी सिर में लग जाने के चलते प्रार्थी के घायल हो गया। इसी दौरान संतोष का चाचा का लड़का साहब सिंह राजपूत आ गया जिसने प्रार्थी के साथ डंडे से मारपीट की गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### दांत से काटकर किया घायल

**गाडरवारा।** पलोहा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम थरैरी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे गांव का बड्डु उर्फ योगेश पिता मनोहर कीर आये दिन किसी ने किसी बात को लेकर विवाद करता है। जब बीते हुये दिवस प्रार्थी अपने अपने किसी काम से कही जा रहा था उसी दौरान बड्डु कीर द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व दांत से काटते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### माँ बेटा सहित पति से की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस विवेकानंद वार्ड मरघटा मुहल्ला निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि बीते हुये दिवस जब उसका बेटा घर के पास चबूतरे पर बैठकर मोबाईल चला हरा था उसी दौरान मुहल्ले का दिप्पू उर्फ दीपेश जाटव आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थिया द्वारा अपने बेटे को गाली देने से रोकने का प्रयास किया तो इस दौरान आकाश जाटव भी आ गया दोनों ने एक राय होकर प्रार्थिया व उसके पति टीकाराम के साथ मारपीट की गई। कुछ देर बात जब छोटू व दीपक उनके द्वारा भी प्रार्थिया व उसके पति तथा बेटे के साथ मारपीट करते चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### भाई ने भाई से की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के माता वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसका बडा भाई शराब पीने का आदि है। बीते हुये दिवस जब वह प्रार्थी के घर आया और गंदी गंदी गालिया देने लगा जब छोटे भाई ने गाली देने से मना किया तो बडे भाई ने मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी भाई के खिलाफ मामला कामय करते हुये जांच में लियां गया है।

**अनेक घरों में बांधेंगे फुल्हेरा, रात भर चलेंगे भजन कीर्तन के आयोजन..**

# हर तालिका तीजा पर घरों में गूंजेंगे आज मंगल गीत, सुहागिन महिलाएं भगवान शंकर व माता पार्वती की पूजा कर मांगेगी अचल सुहाग का वरदान

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा


हमारे देश की संस्कृति महिलाओं की विशेष प्रिय तथा उन्हें श्रद्वा, उत्साह से सराबोर करने वाला त्यौहार हरतालिका तीजा पर्व आज भाद्र पक्ष शुक्ल की तृतीया आज मंगलवार के दिन है। वैसे भी देखा जावे तो मंगलवार का दिन भगवान श्रीराम के भक्त हनुमानजी का प्रिय माना जाता है। इस दिवस तीजा त्यौहार का पड़ना काफी शुभ माना जा रहा है। क्योंकि अपने भक्तों को संकटों से मुक्ति दिलाने है। महिलाओं के लिये प्रिय माने जाने वाले इस तीजा व्रत को लेकर ज्योतिषों कहना है कि हरतालिका जीत के त्यौहार पर सौभाग्यवती महिलाए, अविवाहित युवतियाँ निर्जला व्रत रख धर्म के प्रति अपनी गहरी आस्था का प्रदर्शन करती है। वही धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तीजा पर्व पर सुहागिनी महिलाओं द्वारा सोलह श्रृगांर किया जाता है तथा रात्रि में घरों में विधि विधान से माता गौरी व भगवान शंकर की पूजा, अर्चना करने के बाद रात्रि में जागरण कर मंगलगीत गाए जाते है तथा तीजा पर्व पर महिलाएं जल भर थाल में अपने पति की छबि के दर्शन करती है और उनकी ओर से अपनी सखियों को सुहाग सामग्री भेंट की जाती है। इस प्रकार से बडे लम्बे अंतराल के बाद मंगलवार के दिन विशेष योग में पड़ रहे तीजा त्यौहार निश्चित ही सुहागिन महिलाओं के लिये बड़ा सौभाग्य व संयोग का मौका मिला है। हनुमानजी के प्रिय दिवस मंगलवार को तीजा का त्यौहार होने से इसका महत्व और अधिक बढ़ गया है जिसके चलते आज तीजा को महिलाएं माँ पार्वती व शिवजी का पूजन करेगी। इस प्रकार से तीजा पर्व के चलते जहां नगर के बाजार में विशेष चहल पहल का आलम दिखाई दिया। वही बाजार में रंगीन चूडियों, सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री, फलों, पूजा सामग्री, फुल्हेरो, आभूषणों, वस्त्रों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ जुटी देखी गई। क्योंकि शुक्ल पक्ष की तृतीया के कारण जहां आज महिलाओं द्वारा शिव व पार्वती जी का पूजन करेगी। आज तीजा त्यौहार के चलते महिलाओं में भगवान के प्रति माने जाने वाले इस त्यौहार को लेकर उल्लास बरकरार देखने मिल रहा है। वही देखा जा रहा है कि तीजा का कठिन व्रत रखते हुए महिलाओं, अविवाहित कन्याओं ने खास तैयारियॉ की गई है और तीजा के मौके पर उनकी महक से घरो का वातावरण ओत प्रोत हो गया है। इस व्रत के तमाम दिन महिलाओं का मेहँदी लगाने, सज्जित होने में बीतता और उन्होने घरो में आकर्षक फुल्हैरे बॉध कर गौरा, पार्वती की मिट्टी की प्रतिमाओं को स्थापित करते हुए रात्रि के शुभ मुहुर्त्त में सौभाग्यवती महिलाओं ने विधि विधान से भगवान शंकर, माता पार्वती की पूजा,अर्चना कर विद्वान पंडितो से हरितालिका तीज की कथा का श्रवण करने की तैयारियाँ बड़े ही हर्ष के साथ की गई है और वह इस दिवस पूजन के बाद अपनी सखियो को सुहाग सामग्री भेंट कर भगवान शंकर, मॉ पार्वती से अखंड सुहागवती रहने का वरदान मॉगेगी। तीजा के अवसर पर देखा जाता है कि सारी रात महिलाओं द्वारा गाये जाने वाले मंगल गीतो के स्वर घरो में गूॅजते है जिसकी तैयारी महिलाओं द्वारा एक दिन पूर्व यानी की कल सोमवार से करना शुरू कर दिया गया था। इस तरह महिलाओं के महत्वपूर्ण माने जाने भगवान शंकर व पार्वती के इस तीजा पर कठिन व्रत रख महिलाओं ने भगवान शंकर, माता पार्वती की पूजा, आराधना करने उत्साहित महिलाओं ने हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए व्यक्त किया कि भारतीय संस्कृति में हरितालिका तीज सिर्फ ऐसा त्यौहार है, जिसका व्रत कठिन तो होता है। किन्तु इस पर्व से जो कथा जुड़ी हुई है। वह आत्म शांति देने वाली है, इसलिए हरितालिका तीज पर्व काफी महत्वशाली माना जाता है। इस संबंध में नगर की श्रीमति रानी कौरव के अनुसार मान्यता है कि राजा हिमवान की पुत्री माता पार्वती ने सबसे पहले तीजा का व्रत कर पति रूप में भगवान शंकर का वरण किया था, तीजा की कथा से प्रेरित होकर मै वर्षो से हरितालिका तीज पर व्रत रख भगवान शंकर, माता पार्वती की पूजन करती आ रही हूॅ। वही सांईखेडा निवासी श्रीमति संध्या अग्रवाल का कहना है कि हारितालिका तीज पर जिन घरो में फुल्हैरे बॉधे जाते है। वहां तो रात भर आनंद रस बरसता रहता है तथा फुल्हैरो के आस पास बैठकर सुहागिने महिलाएॅ भजन गाते हुए रात का समय व्यतीत करती है और उनके मेल जोल के नजारे देखते ही बनते है। मेरा मानना है कि तीजा व्रत रखने से ही पतिदेवो को जीवन में वास्ताविक सुख मिलता है। इसी प्रकार से ग्राम बारहाबड़ा निवासी श्रीमति कंचन सोनी का कहना है कि तीजा पर्व पर श्रद्धा, लगन, विश्वास के साथ व्रत रखने से भगवान शंकर, माता पार्वती से जहां अक्षय सौभाग्य का वरदान मिलता है। इसी प्रकार से ग्राम गरधा निवासी व धर्म के प्रति अपनी गहरी आस्था रखने वाली श्रीमति सपना कौरव का कहना है कि भगवान शंकर भक्ति से शीघ्र प्रसन्न होनें वाले है और करूणा की प्रतिमूर्ति माता पार्वती संकल्प शाक्ति की प्रतीक है। तीजा पर्व पर इन दोनों की कृपा महिलाओ पर बरसती है। मुझे हरितालिका तीज पर व्रत रखते हुए भगवान शंकर, माता पार्वती का पूजन कर रात में भजन सुनना काफी अच्छा लगता है।











# शमशान घाट पर गंदगी सहित पशुओं का रहता है डेरा नगरवासी खुले मैदान में अंतिम संस्कार करने मजबूर





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा शहर से लेकर गांव गांव शमशान घाटों के विकास के लिये मनमाना पैसा प्रदान करते हुये उनकी सूरत बदलने की पहल की गई है। इस बात की सच्चाई अनेक ग्राम पंचायतों में देखने मिल रही है जहां पर शमशान घाटों की बदली सूरत बता रही है कि यदि किसी व्यक्ति में निष्ठा के साथ कार्य करने की सोच होती है तो विकास बोलता है। मगर दूसरी ओर दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा के शमशान घाट की सच्चाई शायद किसी से छिपी नही होगी। क्योंकि हर व्यक्ति की सोच रहती है कि जब उसके परिवार में किसी की मृत्यु हो तो उसका अंतिम संस्कार शुकून के साथ हो जावे। मगर यहां के शमशान घाट पर फैल रही गंदगी सहित पशुओं का डेरा जमा होने के चलते सांईखेड़ा के लोगों को खुले मैदान में अंतिम संस्कार करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। बताया जाता है कि नगर परिषद साईंखेड़ा के वार्ड क्रमांक 1 से 6 में निवास करने वाले लोगों जब किसी का निधन होता है तो वह वार्ड नंबर 6 में स्थित मुक्तिधाम पर ही अंत्येष्टि करते है। मगर यहां का शमशान घाट में बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने नगर की विकावादी व्यवस्था पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है। बारिश का मौसम हो या वर्ष का कोई भी महीना यहां खुले आसमान तले अंतिम संस्कार करना पड़ता है। बताया जाता है कि मुक्तिधाम में बाउन्ड्री बाल न होने के कारण आवारा पशुओं का डेरा जमा रहता है। वही दूसरी ओर अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की भी कमी देखने मिल रही है। विगत दिनों नगर में एक प्रतिष्ठित परिवार में हुये निधन के दौरान उनकी अंत्येष्टि में पहुंचे लोगों ने स्थानीय प्रशासन के प्रति नाराज़गी जाहिर करते हुये कहा कि नगर का यह बड़ा ही दुर्भाग्य है कि जहां लोगों की अंतिम यात्रा पूरी होती है, वहां आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। जबकि बताया जाता है कि इस मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार के लिए शासन द्वारा 22 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। आमजन का कहना है कि यदि स्वीकृत राशि का समय पर उपयोग कर कार्य कराया गया होता तो इस तरह की स्थिति का सामना करने के लिये मजबूर नही होना पड़ता। इस संबंध में जब नगर परिषद सांईखेड़ा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी जय प्रकाश रजक से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि लोगों द्वारा अंत्येष्टि में हो रही परेशानियों के बारे में सूचना दी गई थी जिसको तत्काल संज्ञान में लेकर इंजीनियर एवं नगर परिषद कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि तत्काल शमशान में व्यवस्था की जाए एवं वर्षा ऋतु के कारण अभी शमशान में निर्माण कार्य रुका हुआ है उसको भी जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाएगा।

# निर्मल ग्राम पंचायत सहावन द्वारा कही सड़क पर मछली पालन की तैयारी तो नहीं की जा रही है...?





**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर सरकार द्वारा पंचायतों के विकास को लेकर मनमानी राशि प्रदान करते हुये पंचायतों के विकास का सपना देखा जा रहा है तो दूसरी ओर जिन पंचायतों को निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा प्रदान किया गया है उन पंचायतों को स्वच्छता के नाम पर अतिरिक्त राशि प्रदान की जा रही है। मगर इसके बाद निर्मल घोषित पंचायतों की सच्चाई देखते हुये यह सबाल खड़ा होने से नही चूक पाता है कि आखिरकार इन पंचायतों को अधिकारियों द्वारा किन मापदंडो के आधार पर निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा प्रदान किया गया है..? वही दूसरी ओर बीते हुये तीन साल के कार्यकाल के दौरान पंचायत विकास के नाम पर जो राशि प्रदान की गई है उसका कहा उपयोग किया गया है यदि निष्ठा के साथ जांच हो जाती है तो निर्मल ग्राम पंचायत पर मलाई खाने वाले पंचायतों के जन प्रतिनिधियों से लेकर ब्लाक स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की पोल खुलने में कोई कसर बाकी नही रहेगी..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सहावन में देखने मिल रही है। कहने के लिये तो इस ग्राम पंचायत को निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा मिला हुआ है। मगर ग्राम की सड़को पर फैल रही गंदगी जहां पंचायत के स्वच्छता अभियान की पोल खोलते हुये देखने मिल रही है। वही दूसरी ओर सड़को के बीच भरा हुआ पानी इस बात की ओर संकेत देते हुये जान पड़ रहा है कि कही ऐसा तो नही अब पंचायत द्वारा सड़क पर ही मछली पालन करने की तैयारियाँ की जा रही है..? निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा पाने वाली ग्राम पंचायत सहावन की सड़कों के ऊपर फैल रही गंदगी सहित पानी के चलते जहां स्कूली बच्चों का आना जाना मुश्किल हो रहा है। वही दूसरी ओर गंदा पानी एकत्र रहने के लिये मच्छरों के चलते गांव में डेगू फैलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? इस तरह गांव की सड़को पर मची हुई कीचड़ के बीच जहां आम लोगों सहित स्कूली बच्चों का निकलना मुश्किल हो रहा है। वही दूसरी ओर कीचड व सड़क पर ऊग रही घास इस बात को प्रमाणित करते हुये प्रतीत हो रही है कि बीते लम्बे समय से साफ सफाई नही हुई है। इतना ही नही ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत द्वारा अन्य योजनाओं से भी आम लोगों को लाभ पहुंचाने में जिस तरह की कार्य प्रणाली अपनाई जा रही है उसके चलते केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं से आमजन बंचित होते हुये दिखाई दे रहे है..? इस तरह पंचायत में फैल रही गंदगी जहां सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को ग्रहण लग रहा है तो दूसरी ओर निर्मल ग्राम की उपाधी पर भी प्रश्न चिन्ह खड़े होने से नही चूक पा रहे है।

# गणेश उत्सव सहित ईद मिलाद उन नवी को लेकर सांईखेड़ा पुलिस थाने में आयोजित की गई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

वैसे भी देखा जावे तो दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में सदा ही सभी धर्मो के त्यौहारों को मिलजुलकर मनाने की परम्परा रही है और वह आज भी कायम है। मगर शासन के आदेश अनुसार नगर की व्यवस्थाओं को लेकर हर धार्मिक त्यौहार के पूर्व शांति समिति की बैठक का आयोजन करते हुये नगरवासियों से सुझाव मांगे जाते है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस नगर के पुलिस थाने में थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जय प्रकाश रजक सहित नगर के अन्य गणमान्य नागरिको की मौजूदगी में आने वाले गणेश उत्सव तथा मुस्लिम भाईयों के ईद मिलाद उन नवी के मौके पर व्यवस्थाये बनाने के लिये शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा त्यौहार शांति पूर्वक मनाने के दौरान पुलिस द्वारा बनाई जाने वाली व्यवस्थाओं में नगरवासियों से सहयोग की अपेक्षा जताई गई। वही बताया कि शासन के आदेश अनुसार गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नगर परिषद द्वारा बनाये जाने वाले ही कुंड में किया जावे। वही नदी नालों में इस समय चल रही बारिश के चलते उम्मीद है कि बाढ़ की स्थिति बनी रहेगी। इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे कि नदी नाले के किनारे न जावे और विसर्जन के दौरान विशेष सावधानी बरती जावे। वही निकाले जाने वाले जुलूसों के दौरान शासन के आदेश अनुसार डीजे पर पूर्णरूप से प्रतिबंध रहेगा, सिर्फ दो वक्सों का उपयोग करते हुये अपने त्यौहारों को शांति पूर्वक मनाये।

# कहीं लोग अपने बच्चों की जिन्दगी खतरे में तो नहीं डाल रहे

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



अक्सर देखा जाता है कि रेल्वे स्टेशन पर जब कोई ट्रेन खड़ी होती है और लोग जल्दी निकलने के चक्कर में अपने बच्चों सहित ट्रेन के नीचे से निकलने लगते है या फिर वह उसके सामने से ही निकलने लगते है? कभी कभी स्थिति तो यह तक देखी जाते हे कि जब ट्रेन धीमी गति से निकलती है तो लोग अपने बच्चों के साथ उसके सामने निकलने से तक बाज नही आते है, वही स्टेशनों के इर्द गिर्द सामन बेचने वाले बच्चों को भी अक्सर देखा जाता है कि वह अपना समान जल्दी बेचने के चक्कर में जब ट्रेने खड़ी होती है तो दूसरी ओर से समान बेचने के चक्कर में अपनी जिन्दगी को पूर्णरूप से खतरे में डाल देते है। इस स्थिति में कभी भी कोई हदासा घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है? यदि गौर किया जावे तो मगर एक बार की उनकी यह गलती बच्चों की आदत में सदा बन जाती है, और यही गलती उन मासूम बच्चों की जिन्दगी के लिए एक दिन खतरा बन जाती है, मगर इसके लिए दोषी कौन होता है? इसके जिम्मेदार भी हम ही होते है, क्योंकि इस प्रकार की गलत आदते हमें ही डालते है, इस लिए सभी बच्चों के अभिभावकों को इस प्रकार गलत आदतों से बच्चों को रोकना जरूरी है।

# खटारा बसों के भरोसे निजी स्कूलों में पहुंच रहे मासूम

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

जहां एक ओर शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा बच्चों को अनेक प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। वही नगर में जहां तहां खुल रही शिक्षण संस्थाओं में भी सरकार द्वारा आदेश जारी किये गये है,कि वह अपनी संस्थाओं में 25 प्रतिशत ऐसे गरीब बच्चों को प्रवेश देवे जो अपनी फीस देने में सक्षम न हो,जिसमें इस योजना का सही तरह से प्रचार प्रसार नही होने के कारण अभिभावक एक ओर ध्यान ही नही दे पा रहे है,और जो लोग इस बात को समझ रहे है। वह जब निजी शिक्षण संस्थाओं में जाते है तो वहां के संचालकों द्वारा उन्हें गुमराह कर इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अनेक प्रकार की खानापूर्ति करने की बात को लेकर प्रवेश अधर में लटका देने से गरीब बच्चों को निजी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश नही मिल पा रहा है...? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर में चल रही अनेक निजी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करने वाले बच्चों के अभिभावकों से संस्थाओं द्वारा फीस तो अपने मन के मुताबिक बसूली की जाती है। मगर उन्हें शुरूआती तोर पर जो सुविधाएं देने की बात कही जाती है। वह मात्र दिखाबा साबित होती नजर आती है,जिसके तहत यदि देखा जावे तो बच्चों को लाने ले जाने के लिए अनेक शिक्षण संस्थाओं में बसे चल रही है, मगर उन बसों की स्थिति यह देखी जाती है कि अनेक संस्थाओं के पास उनके चलाने हेतु परमिट तक नही होते है? तथा उनमें बच्चों को भेड़ बकरी की तरह भरा जाता है..। इतना ही नही कई संस्थाओं में चलने वाली बसों की स्थिति तो यह तक देखी जा रही है कि उन्हें धक्का देकर स्टार्ट किया जाता है..? अब पता नही क्या शिक्षण संस्थाएं इसी बात की फीस बसूल कर रही है?

# शाला प्रबंधन समिति गठन को लेकर उन्मुखीकरण का किया आयोजन





हरिभूमि न्यूज/चीचली।

विकास खंड चीचली के जन शिक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय में अधीनस्थ सभी प्राथमिक, माध्यमिक तथा एकीकृत(1-8) शालाओं के संस्था प्रधानों का शाला प्रबंधन समिति गठन संबंधित उन्मुखीकरण आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित प्रधान पाठकों को प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर सत्यम ताम्रकार द्वारा आगामी दो वर्षो के लिए शाला प्रबंधन समिति के गठन का विस्तृत रूप से पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग की सभी शालाओं में इस समिति का गठन 29 अगस्त को समय सारणी अनुसार किया जाएगा । इस हेतु 18 सदस्यीय समिति की संरचना, गठन की प्रक्रिया का वाचन, वंचित और कमजोर वर्ग के नामांकन अनुपात में पालको की संख्या की गणना कर नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने के साथ साथ महिला एवं पुरुष अभिभावकों का निर्वाचन व अन्य मनोनीत सदस्यों के चयन, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन तथा समिति के गठन की सूचना, समिति का कार्यकाल तथा विभिन्न प्रकार के परिशिष्ट, निर्वाचन प्रक्रिया हेतु पर्यवेक्षकों की नियुक्ति संबंधी बिंदुओं से सभी प्रधान पाठकों को विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। शाला प्रबंधन समिति गठन के उपरांत निर्धारित परिशिष्ट 11 में भरकर जानकारी जमा करने संबंधी चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण में जन शिक्षा केंद्र के प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के सभी प्रधान पाठकों की सहभागिता रही। यह प्रशिक्षण जनशिक्षा केंद्र प्रभारी भूपेश ठाकुर के मार्गदर्शन तथा विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल के निर्देशन में संपन्न हुआ।

### बच्चों की लड़ाई को लेकर महिला से की मारपीट

**सांईखेड़ा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम टुईयापानी निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे बडे लड़का वीरेन्द्र और तेज सिंह अहिरवार का नाती गोपाल अहिरवार घर के सामने खेल रहे थें। किसी बात को लेकर दोनों बच्चों में लडाई हो गई तभी तेज सिंह अहिरवार आये और मेरे लड़का को गंदी गंदी गालियां देते हुये हाथ थप्पड़ से मारने पीटने लगा। बच्चें को मारते हुये देख जब प्रार्थिया बचाने आयी तो आरोपी द्वारा उसके साथ भी मारपीट की गई। उसी दौराना प्रार्थिया की सास ने बीच बचाव को प्रयास किया गया तो आरोपी द्वारा उसके सीने में लात मारकर गिरा दिया गया। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पिता पुत्र ने मिलकर की मारपीट

**सांईखेड़ा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम देतपोन निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब उसका छोटा भाई सड़क पर खड़ी मोटर साईकिल पर बैठा हुआ था उसी दौरान गांव का नरेन्द्र अहिरवार आया और बोला की रास्ते से मोटर साईकिल हटा नही तो ऊपर मोटर साईकिल चढ़ा दूगा और अपने घर चला गया। कुछ देर बात नरेन्द्र व उसके पिता लाठी व बल्लभ लेकर आये और एक राय होकर प्रार्थी को गाली देने लगे जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो दोनो ने एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### स्वामी श्रद्धानंद वैदिक गुरुकुल आश्रम में नव प्रविष्ट छात्रों का हुआ उपनयन संस्कार



**शहपुरा - डिंडोरी।** जिले की शहपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम देवरी कला बिछिया मां नर्मदा यज्ञ पीठ स्थित स्वामी श्रद्धानंद वैदिक गुरुकुल आश्रम में नव प्रविष्ट छात्रों का स्वामी रितिशपति परिव्राजक गुरुकुल नर्मदा पुरम के सानिध्य में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ समारोह पूर्वक उपनयन संस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ वैदिक संस्कृति और वेदों से ही भारत और भारतीयता की रक्षा संभव है और इसका विकास गुरुकुल प्रणाली से ही संभव है आश्रम की संचालक वैदिक आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष पंडित धीरेंद्र पांडे जी ने बताया कि आज की स्थिति में देश की रक्षा गुरुकुल शिक्षा प्रणाली ही कर सकती है यहां पड़े हुए विद्यार्थी देश समाज माता-पिता और गुरु भक्त होते हैं इस कार्यक्रम में देवरी कला बिछिया आर्य समाज के प्रधान श्री उमाशंकर चौकसे गंगाचरण चौकसे विष्णु प्रसाद साहू कैलाश शिवहरे आचार्य प्रभाकर शास्त्री लेख राम शिवहरे सुरेंद्र राय नोहर लाल झरिया चम्मू लाल झरिया अमित राय विनोद ठाकुर मुकुल सोनी शेखर चौकसे संतोष नामदेव नीरज नामदेव वीरेंद्र झारिया विनोद झारिया उमेश नामदेव गणेश साहू सुनील कछवाहा जयदीप मलिक कैलाश बर्मन सचिन चौकसे एवं स्वामी श्रद्धानंद वैदिक गुरु आश्रम के समस्त सहयोगिकरण उपस्थित रहे

### भारत आदिवासी पार्टी के जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए दिलीप कुमार मरावी



**डिंडौरी।** भारत आदिवासी पार्टी के डिंडौरी जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार मरावी के नियुक्त होने के उपरांत भारत आदिवासी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार मरावी को फूलमाला पहनकर स्वागत किया और बधाई दी, भारत आदिवासी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रौत और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह उइके ने दिलीप कुमार मरावी को डिंडौरी जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त करते हुए शुभकामनाएं दी ।

### गणेश के उदघोष के साथ माटी गणेश जन जागरूकता रैली



**डिंडौरी।** विकासखंड मेहंदवानी में माटी गणेश सिद्ध गणेश निर्माण एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सक्रियकरण बैठक सह प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह महाविद्यालय के प्राचार्य एल आर पटेल जी, विशिष्ठ अतिथि नर्मदा समग्र के सह संभाग समन्वयक दिनेश साहू व मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विकासखंड समन्वयक सुशीला ठाकुर द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान व कार्यक्रम के उद्देश्य से सभी को अवगत कराया गया। तत्पश्चात जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अध्यक्ष एवं प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार चलाए जा रहे माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान की जानकारी के साथ सभी नवीन ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो के कार्य, दायित्व व विकास के प्रमुख विषयों जल संरक्षण, सबको शिक्षा सहित भारतीय संस्कारों की शिक्षा, नशामुक्ति, सबको स्वास्थ, हरियाली, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं साफ सफाई, ऊर्जा संरक्षण, कृषि को लाभकारी बनाना, गौ संरक्षण, सामाजिक समरसता, विवाद मुक्त ग्राम, वाचनालय, जनसूचना केंद्र आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।





कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण मुद्दों पर समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सही समय पर पहुंचे।

उन्होंने अवैध परिवहन की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु स्थापित चेक पोस्ट की प्रभावशीलता की समीक्षा की और निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन पर कार्यवाही की जानकारी ली। डुप्लिकेट और समय पर ई-केवाईसी से संबंधित प्रगति पर विभागीय समीक्षा की। पेंशन, समग्र रजिस्ट्रेशन, बीज, खाद वितरण जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। और राजस्व एवं वन अधिकार पत्र से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सीएमओ नगर परिषद को सीएम हेल्पलाइन, ईकेवाइसी की प्रगति एवं लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार परिवहन अधिकारी डिंडौरी को सीएम हेल्पलाइन एवं नियमित रूप से यात्रीबसों में नियमित निरीक्षण, फिटनेस प्रमाण पत्र जांच कर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण एवं अन्य खनन से संबंधित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। राजस्व प्रकरण का निराकरण पर एसडीएम, तहसीलदार को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही साथ राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त सीईओ को इे-केवाइसी, समग्र आईडी, आधार कार्ड, की प्रगति लाने हेतु अमरपुर, समनापुर के जनपद सीईओ को विशेष ध्यान देने एवं राहत प्रकरण, अतिवृष्टि/बाढ़ से हुई क्षति की राहत राशि, पोर्टल इनरोलमेंट, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली पर विस्तृत समीक्षा की। साथ ही साथ ई-गर्वनेंस प्रबंधक को पीवीटीजी, जन-मन योजना के अंतर्गत ई-केवाइसी पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी को एसडीएम बजाग ने बताया की कंरजिया से अमरकटंक के बीच में मुख्य मार्ग पर अधिक बंदर होने के कारण परिक्रमावासी एंव अन्य लोगों को बंदर घायल कर देते है इसलिए उनके इलाज हेतु करंजिया समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संबंधित दवाईयाँ की उपलब्धता होनी चाहिए। जिस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी को विकासखंड करंजिया के साथ-साथ अन्य विकासखंडों में रेबीज एवं सर्पदंश के इलाज हेतु आवश्यक दवाईयां उपलब्ध रखें ताकि आगामी समय में जिले में कोई भी जोखिम भरी घटना से बचाव किया जा सके। नल-जल योजना के तहत सड़क में पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़क में गढ्ढे होने एवं कीचड़ जमा होने से आवागमन में समस्या होती है जिस पर कलेक्टर ने पीएचई को समस्या के निराकरण करने के निर्देश दिये।साथ ही साथ नेशनल हाईवे के द्वारा सड़क निर्माण एजेंसी के द्वारा ग्राम पंचायत शक्का में पेयजल लाइन खराब हो जाने के कारण ग्रामवासियों को पानी सुचारू रूप से न मिलने पर समस्यां हो रही है जिसे कलेक्टर ने समस्यां को गंभीरता से लिया एवं समयसीमा बैठक में अनुपस्थित रहने पर एसडीओ सड़क प्राधिकरण जबलपुर को कारण बतओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

विद्युत सब-स्टेशन डिंडौरी में अतिक्रमण होने के कारण तहसीलदार डिंडौरी एंव मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीएमओ डिंडौरी को कलेक्टर ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में विद्युत के द्वारा होने वाली घटना से बचा जा सके। साथ ही साथ जिले के अन्य क्षेत्रों में खंभे से लटक रहे तारों को मरम्मत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त जिला विभाग प्रमुख को निर्देशित करते हुए कहा की सभी अपना-अपना मासिक टूर कार्यक्राम कलेक्टर कार्यालय में जमा करें ताकि शासकीय योजनाओं के कार्यो में विकास व नियमित प्रगति लाई जा सके। साथ ही साथ यह भी कहा की मेरे निरिक्षण के दौरान भी वेरीफाई किया जायेगा कि टूर प्रोग्राम आपके द्वारा नियमित किया जा रहा है या नही।

कलेक्टर ने यातायात पुलिस एंव सीएमओ नगर परिषद डिंडौरी को आटो स्टेंड निर्धारित करने के निर्देश दिए ताकि वाहन एक स्थान पर खड़े किये जा सके और आवागमन बाधित न हो। साथ ही कलेक्टर ने सीएमओ नगर परिषद डिंडौरी को नगर के मुख्य मार्ग पर पालतू-पशुओं को कांझी हाउस में रखें ताकि दुर्घटना रोकी जा सके। लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ बीईओ एवं बीआरसी को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पदस्थापना करने के सहायक आयुक्त को निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति की विस्तृत समीक्षा की। शिक्षा विभाग, डीपीसी, पीडब्ल्यूडी, बीईओ, में लंबित पेंशन प्रकरणों को तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर उचित जवाब देने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों के लंबित कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर को नियमित रूप से अवलोकन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सभी विभागों की संचालित ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा कर समीक्षा की। और जिन विभागों के द्वारा ई-ऑफिस अभी चालू नहीं किया गया उन्हें शीघ्र संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम एवं खाद्य आपूर्ति अधिकारी को अपने क्षेत्राधिकार में संचालित वेयर हाउस में सही मिलिंग की व्यवस्था पर ध्यान देने और नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान वन मंडल अधिकारी ने समस्त अधिकारियों को सूचित करते हुए बताया की वन अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आपके द्वारा विकास कार्य, सड़क, भवन, नाली, टॉवर, नल-जल योजना, पानी की टंकी आदि निर्माण कार्यों की अनुमति हेतु वनमंडल कार्यालय में दस्तावेज प्रस्तुत करे ताकि आपके रूके हुए कार्य में प्रगति लायी जा सके।

समयसीमा बैठक के दौरान वन मंडल अधिकारी पुनीत सोनकर, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी ,डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक, सहायक आयुक्त राजेन्द्र कुमार जाटव, कोषालय अधिकारी दुर्गेश नंदन हजारिया, एलडीएम रविशंकर, एमपीईबी राकेश बघेल, पीडब्लूडीई मोहित सिंह धुर्वे, खनिज अधिकारी अशोक नागले, लोकसेवा प्रबंधक रंजीत सिंह, ई-गर्वनेंस दीपक साहू, पीएमजेएसवाई प्रबंधक श जेपी मेहरा, पशु चिकित्सा अधिकारी एचपी शुक्ला सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा 5 लाख का मुफ्त स्वास्थ्य कवच- वय वंदना योजना शुरू



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के(AB PM-JAY ) के तहत जबलपुर से वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा के मुख्य अतिथि कार्यक्रम अध्यक्षता डॉ मोहन यादव एवं डॉ राजेंद्र शुक्ल के उपस्थिति में किया गया। वय वंदना योजना के बारे में जानकारी (AB PM-JAY) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आय की परवाह किए बिना स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने की मंजूरी दी है एवं 19 अक्टूबर 2024 को योजना का आधिकारिक शुभारंभ हुआ है। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को वह वंदना कार्ड जारी किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY)के अंतर्गत एक नई पहल की शुरुआत की है, जो विशेष रूप से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु की नागरिकों के लिए समर्पित है।

इस योजना का उद्देश्य राज्य के वरिष्ठ नागरिकों (70+) को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, जिससे उन्हें स्वस्थ और सम्मान पूर्ण जीवन जीने में मदद मिल सके तथा पत्र बुजुर्ग नागरिक आर्थिक चिताओं से मुक्त होकर योजना के तहत प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक के निशुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा कवच से लाभान्वित हो सके।

**वंदना योजना के महत्वपूर्णघटक**

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आय की परवाह किए बिना स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने की मंजूरी दी है एवं 29 अक्टूबर 2024 को योजना का आधिकारिक शुभारंभ हुआ।

वरिष्ठ नागरिकों को (AB PM-JAY) के तहत वय वंदना कार्ड आज से जारी किया जा रहा है। जो वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के हैं और जिनके परिवार पहले से ही (AB PM-JAY) के तहत कवर है, उन्हें अपने लिए अतिरिक्त 500000 तक की वार्षिक टॉप अप कवरेज मिलेगी, जिसे वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों (जो 70 वर्ष से कम आयु के हैं) के साथ साझा नहीं करेंगे।

70 वर्ष और उससे अधिक आयु के अन्य सभी वरिष्ठ नागरिकों को पारिवारिक आधार पर 500000 तक की वार्षिक कवरेज मिलेगी। जो वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के है और केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना(CGHS)पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना आयुष्मान, सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स जैसी अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं वह अपनी मौजूदा योजना या (AB PM-JAY) में से किसी एक को चुन सकते हैं।

# डिंडोरी की सीवरेज योजना बनी जनता की परेशानी, सात साल बाद भी अधूरी

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 24 जनवरी 2018 को डिंडोरी नगर परिषद को लगभग 32 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी सीवरेज योजना स्वीकृत की गई थी। इस योजना की निर्धारित समयावधि 24 माह थी, लेकिन सात वर्ष बीतने के बाद भी यह योजना अधर में लटकी हुई है। नगर की जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और उन्हें आए दिन अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस योजना के अंतर्गत नगर के 15 वार्डों में प्रत्येक घर को सीवरेज लाइन से जोड़ने और प्रमुख स्थानों पर चेंबर निर्माण का लक्ष्य था। प्रारंभ में रायपुर की एक कंपनी को ठेका दिया गया था, लेकिन वह कंपनी बीच में ही काम छोड़कर चली गई। इसके बाद डिंडोरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने कलेक्टर और मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना को पुनः शुरू करने की पहल की। बैठक में विभाग को दो माह का अल्टीमेटम दिया गया था कि यदि कार्य शुरू नहीं हुआ तो कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और नगर में की गई तोड़फोड़ की भरपाई भी करवाई जाएगी।बाद में विभाग द्वारा गुजरात से आए ठेकेदार को कार्य सौंपा गया, जिन्होंने देर से सही लेकिन काम शुरू किया। परंतु नागरिकों का आरोप है कि उनकी कंपनी भी मनमानी करते हुए लापरवाही से कार्य कर रही है। सीवरेज लाइन का काम जिस तरीके से किया जा रहा है, उससे नगर की सड़कों की दुर्दशा हो गई है।

नगर परिषद में विपक्ष के नेता ज्योतिरादित्य भलावी ने विभिन्न वार्डों में हो रही अनियमितताओं और सड़क-सीवरेज कार्य में लापरवाही को लेकर कई बार पत्राचार किया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इस लापरवाही से नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है और सड़कों की मरम्मत भी नहीं की जा रही है।इसी मुद्दे पर कांग्रेस के युवा नेता और समाजसेवी बेटू मरकाम, विपक्ष नेता ज्योतिरादित्य भलावी के साथ नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि दो माह के भीतर सीवरेज ठेकेदार द्वारा नगर की सभी सड़कों की मरम्मत नहीं की गई और कार्य में सुधार नहीं हुआ, तो वे ठेकेदार द्वारा बनाए गए सीवरेज कैंप में ताला लगाकर उसे शील करेंगे और न्यायालय की शरण लेंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। नगरवासियों का कहना है कि वर्षों से इस योजना के नाम पर उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। अब शासन और प्रशासन को जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

# उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम अंतर्गत छात्र छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

## शासकीय सी वी कॉलेज में उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम हुए आयोजित

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।





कलेक्टर श्रीमति नेहा मारव्या के निर्देशन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे के मार्गदर्शन में शासकीय पीएम श्री चंद्रविजय महाविद्यालय डिंडोरी में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके दुबे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ईश्वर चंद्र परणा के द्वारा किया गया।

उन्होंने कार्यक्रम के उदबोधन में कहा कि परोपकार ही परम धर्म है एवं ईश्वर उपासना है। परोपकार करने से हमें आंतरिक खुशी की प्राप्ति होती है। इसके पश्चात जिला किशोर स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ. जयश्री मरावी ने हेल्दी स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण एवं समस्याएं के बारे में सभी को अवगत कराकर शारीरिक स्वास्थ्य के उपचार के बारे में सभी को बताया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों का स्क्रीनिंग किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के उमंग हेल्थ एंड वेलनेस नोडल अधिकारी प्रो. आमीर खान ने बताया स्वास्थ्य के प्रति हर व्यक्ति को जागरूक रहना चाहिए, क्योंकि पूरे जीवन काल में व्यक्ति कभी न कभी बीमार होता है, कही न कही हम सबको स्वास्थ्य सेवाएं कि आवश्यकता होती है। इसलिए स्वास्थ्य से जुड़ी इस कार्यशाला की महत्वता को समझिए और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दे। उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम में जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वयक ओम प्रकाश उरैती ने उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम की गतिविधियों से अवगत कराए तथा उमंग युवा शक्ति मिशन कार्यक्रम 2024 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ धर्मवीर मार्को दंत चिकित्सक ओरल हेल्थ द्वारा नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी गई।

वही, डॉ मिनी मोर्वी नेत्र रोग विशेषज्ञ के द्वारा आंख से जुड़ी बीमारियों से अवगत कराया तथा इनके लक्षणों की जानकारी दी और साथ में नेत्र रोगियों छात्र-छात्राओं का परीक्षण भी किया गया।

परामर्शदाता नविता पटेल ने उमंग स्वास्थ्य क्लीनिक में प्रदान की जाने वाले 14 प्रकार सेवाएं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी साथ ही मानसिक स्वास्थ्य अंतर्गत निर्मित मनहित एप की जानकारी दी गयी। साथ ही टेली मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 के बारे बताया तथा उमंग हेल्प लाइन नंबर 14425 के बारे में बताए और वह उपस्थित छात्र छात्राओं को इंस्टॉल करकर उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मनोज उरैती मेडिकल ऑफिसर एवं नोडल सिकल सेल डॉ ऋषिकेश सिंह, डॉ हर्षवर्धन सिंह आयुष चिकित्सा अधिकारी, सी. एच. ओ. संजय उईके, जानकी चंद्र, पूजा द्विवेदी उक्त कार्यक्रम में डॉ. एस. के., उमंग नोडल अधिकारी आमिर खान,डॉ. आई सी परणा, डॉ देवेन्द्र गवले नेहा पटेल परामर्शदाता, गौरीशंकर बर्मन प्रशिक्षक पूजा बर्मन प्रशांत बनवासी सहित समस्त अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## संपूर्णता अभियान में डिंडोरी को राज्य स्तरीय सम्मान



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।** संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डिंडोरी जिले को राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त हुआ है। सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में अपर कलेक्टर ने कलेक्टर श्रीमती नेहा मरव्या को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र और ब्रॉन्ज मेडल सौंपा।

**अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि-** नीति आयोग एवं राज्य शासन द्वारा जुलाई से सितम्बर 2024 तक संचालित संपूर्णता अभियान में जिले के तीनों आकांक्षी विकासखंड बजाग, करंजिया और मेहंदवानी, ने सराहनीय प्रदर्शन किया। मेहंदवानी और करंजिया विकासखंड ने 6 में से 4 संकेतकों पर शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की, बजाग विकासखंड ने 3 संकेतकों में पूर्ण सफलता प्राप्त की। राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- "अच्छा काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सरकार सदैव खड़ी है। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही लक्ष्य है। डिंडोरी को कुल चार मेडल और प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए, जिससे जिले का सम्मान बढ़ा और प्रशासनिक टीम को नई ऊर्जा मिली।



## शिक्षा, रोजगार और नशा मुक्ति को लेकर एक दिवसीय चिंतन बैठक संपन्न

**डिंडौरी न्यूज।** शिक्षा, कैरियर मार्गदर्शन और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के उद्देश्य से राजपूत राठौर समाज द्वारा एक दिवसीय चिंतन बैठक महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल महावीर टोला में आयोजित की गई, चिंतन शिविर में 60 से अधिक समाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाते हुए तय मुद्दों पर अपना विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। चिंतन शिविर में विस्तृत चर्चा के उपरांत म1कई अहम निर्णय लिए गए। शिविर में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि आर्थिक परेशानी की वजह से कोई भी बालक एवं बालिकाओं की शिक्षा बाधित न रहे, इसके लिए असक्षम विद्यार्थियों को समाज से सहयोग राशि प्रदान की जाएगी। शिक्षा ग्रहण करने में उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी। बैठक में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन शिविर आयोजित करने और उन्हें छात्रवृत्ति के माध्यम से प्रोत्साहित करने का निर्णय भी लिया गया। साथ ही दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन समिति के गठन पर भी सहमति बनी।ग्राम स्तर पर भी शिक्षा सुधार हेतु प्रत्येक ग्राम में ट्यूशन कक्षाओं की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी युवाओं एवं शिक्षकगणों को दी गई।

नशा मुक्ति पर भी जोर द्वितीय सत्र में नशा मुक्ति को लेकर चर्चा हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि सार्वजनिक स्थलों पर तम्बाकू, गुटखा, बीड़ी और सिगरेट का वितरण नहीं किया जाएगा। प्रत्येक गाँव में नशा मुक्ति समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें महिलाओं को भी विशेष जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अलावा घर-परिवार में नशामुक्त वातावरण का स्वागत करने के लिए पान, सुपारी और लौंग के प्रयोग को बढ़ावा देने का सुझाव दिया गया। बैठक के निर्णयों से उम्मीद है कि शिक्षा और समाज सुधार की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।चिंतन शिविर में समाज के अध्यक्ष कृष्णा सिंह परमार, पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह चंदेल, मार्गदर्शक प्रताप सिंह चंदेल, मानसिंह ठाकुर, कंधी चंदेल,रमेश ठाकर, द्वारका प्रसाद बिलागर, कुबेर सिंह ठाकर, श्रावण गौतम, संतोष सिंह चंदेल, हेमसिंह राजपूत, रामकुमार मोहारी, शिवराम राजपूत, मंगल सिंह राजपूत, चेतराम राजपूत, संदीप गौतम, गणेश सिंह राजपूत, रघुनाथ सिंह राजपूत, भारत सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अनियमितता पाए जाने पर प्रभारी प्रधान पाठक व सहायक शिक्षक की वेतन वृद्धि रोकने का आदेश जारी

# आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शालाओं में पाई जा रहीं अनियमितताएं

### समाधान कारक उत्तर नहीं देने पर प्राथमिक शिक्षक का एक दिवस का वेतन काटने और 4 जनशिक्षकों, प्रधान पाठक व प्राथमिक शिक्षक को चेतावनी पत्र जारी





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सीईओ जिला पंचायत ने अनियमितता पाए जाने पर प्रभारी प्रधान पाठक व सहायक शिक्षक की वेतन वृद्धि रोकने और कारण बताओ नोटिस का समाधान कारक उत्तर नहीं देने पर प्राथमिक शिक्षक का एक दिवसीय का वेतन कटाने का आदेश जारी किया है। इसके अलावा 4 जनशिक्षकों, प्रधान पाठक व प्राथमिक शिक्षक को चेतावनी पत्र जारी करने का आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि सीईओ जिला पंचायत ने विगत दिनों शासकीय प्राथमिक शाला मगरधा और शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला मढ़पिपरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर शासकीय प्राथमिक शाला मगरधा की प्रभारी प्रधान पाठक श्रीमती अजरा परवीन, सहायक शिक्षक देवी सिंह मुड़िया व बिना स्वीकृति अवकाश शाला से अनुपस्थित पाए जाने पर प्राथमिक शिक्षक श्रीमती शोभना पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसी तरह शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला मढ़पिपरिया के निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर प्रधान पाठक व प्राथमिक शिक्षक श्रीमती अंजना सेन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। कारण बताओ नोटिस जारी होने के पश्चात अभ्यावेदन प्राप्त होने पर समाधानकारक न होने के कारण शासकीय प्राथमिक शाला मगरधा की प्रभारी प्रधान पाठक श्रीमती अजरा परवीन खान व सहायक शिक्षक श्री देवी सिंह मुड़िया का एक वेतन वृद्धि रोकने और प्राथमिक शिक्षक श्रीमती शोभना पाठक का उत्तर समाधान कारक नहीं होने पर कार्य नहीं वेतन नहीं के आधार पर एक दिवस का अवैतनिक करने का आदेश जारी किया है। इसी तरह कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद अभ्यावेदन द्वारा समाधानकारक न होने पर जनपद शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले जनशिक्षा केन्द्र बचई के जनशिक्षक शांत कुमार पटैल व महेश कुमार झारिया, जनशिक्षा केन्द्र चंदनदेवी हाई स्कूल रोंसरा के जनशिक्षक रामेश्वर प्रसाद शर्मा व संजय कुमार मेहरा, शासकीय एकीकृत नवीन माध्यमिक शाला मढ़पिपरिया के प्रधान पाठक और प्राथमिक शिक्षक श्रीमती अंजना सेन को चेतावनी पत्र जारी किया है।

## खबर संक्षेप

### समीतियों की आमसभा 30 को

**तेंदूखेड़ा।** डोभी बिलहरा और तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले तेंदूपत्ता संग्राहक सदस्यों संचालक मंडल सदस्यों और पदाधिकारियों की आम सभा आगामी 30 अगस्त को तेंदूखेड़ा स्थित वन विभाग के सामुदायिक भवन में आयोजित की गई है। जिसमें विगत वर्ष का लेखा अवलोकन चालू वित्त वर्ष का बजट तथा आगामी रुप-रेखा विकास कार्यों पर आवश्यक चर्चा की जायेगी। तेंदूखेड़ा समीति के राजू सिंह ठाकुर डोभी समीति के श्रीमती सरोज बाई ठाकुर एवं बिलहरा समीति के गणेश प्रजापति ने सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### घर घर पहुंचे स्वदेशी सुरक्षा स्वावलंबन अभियान

**तेंदूखेड़ा।** स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान को गति देने के लिए स्वदेशी कार्यकर्ताओं की एक बैठक पुराना थाना हनुमान मंदिर में संपन्न हुई । जिसमें जबलपुर विभाग संगठन श्री आकाश जी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।विभाग संगठक श्री आकाश ने बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं के समक्ष भारत को आर्थिक रूप से सुरक्षित एवं समृद्ध बनाने के लिए स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह अभियान कार्यकर्ताओं के प्रयासों से आम जनता तक पहुंचना चाहिए ताकि समाज की सहभागिता इस अभियान में सुनिश्चित हो सके। बैठक में मुख्य अतिथि पंडित कृष्णकांत शास्त्री एवं नीलेश खरे जिला प्रचार प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता अरविंद वारोलिया बब्लू पटेल बलराम नामदेव नीरज राय बबलू पटेल प्रदीप जोगी अजय प्रजापति दीपक प्रजापति आदित्य नायक उपस्थित रहे । बैठक में आगामी कार्यक्रमों को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए चर्चा विभिन्न व्यापारी संगठनों के माध्यम से उन्हें स्वदेशी के प्रति जागरूक कर इस अभियान में जोड़ने पर बल दिया गया ।

### गोमाता को राज माता घोषित करने हेतु ज्ञापन प्रेषित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शिवशक्ति सनातन संगठन नरसिंहपुर द्वारा गौ संरक्षण एवं गोमाता को राज माता घोषित करने हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से प्रेषित किया गया। इस अवसर पर एस, के, चतुर्वेदी संरक्षक, राजकुमार मिशा , गोपालपुरी गोस्वामी, आदित्य दुबे, दीपक महाराज, नीरज महाराज, लोकेश महाराज, गोविन्द महाराज, ऋषिकुमार शर्मा, राहुल महाराज, विजय तिवारी, शिवम महाराज संजय राय, छोटू पटेल सहित सभी संगठनों के सनातन धर्म प्रेमी एवं गो सेवकों की उपस्थिति रही।

### जिले में मिट्टी से बनाई जा रही गणेश की प्रतिमाएं



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के तहत जिले में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपने हाथों से शुद्ध मिट्टी से गणेश की प्रतिमाएं निर्मित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिले में विकासखंड, सेक्टर, ग्राम पंचायतों और शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा माटी गणेश- सिद्ध गणेश की प्रतिमाएं निर्मित कर लोगों को पर्यावरण का संदेश दे रहे हैं।

### श्रमिकों के पंजीयन के लिए अभियान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों तथा अन्य असंगठित श्रमिकों के पंजीयन के लिए 5 सितम्बर तक अभियान चलाया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी दामिनी सिंह ने बताया कि ई- श्रम पोर्टल ेीतंउ.हवअ.पद पर पंजीयन में जाकर अपने मोबाइल अथवा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर- सीएससी पर संपर्क कर किया जा सकता है।

## श्वेतांबर जैन समाज में पर्युषण पर्व पर विविध कार्यक्रम



### सामूहिक क्षमायाचना कार्यक्रम 31 अगस्त को



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** श्वेतांबर जैन समाज का क्षमा-याचना वाला पर्युषण पर्व के स्टेशन क्षेत्र में स्थित श्री महावीर स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर में मुनिवर विनम्रसागर जी म.सा.,पुण्यवर्धन जी म.सा.,श्रुणवर्धन जी म.सा.आदि ठाणा 3 के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं। विदित हो श्वेतांबर मुनियों का यह चतुर्मास 1990 में कंदेली में मुनिवर शीलरत्न जी म.सा. के चतुर्मास के बाद हो रहा हैं।जिसमें विगत दिनांक 24 अगस्त दिन रविवार को पर्युषण पर्व के पांचवें दिन कल्पसूत्र के अनुसार भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक की वांचना का कार्यक्रम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के साथ प्रातःकाल में स्टेशन में स्थित श्री महावीर स्वामी श्वेतांबर जैन मंदिर में सम्पन्न हुआ। रात्रि में पालने की बोली लेने वालों के घर प्रभु भक्ति हुई।पर्युषण पर्व का समापन 27 अगस्त को सामूहिक प्रतिक्रमण कर क्षमायाचना के साथ होगा। इस बार नरसिंहपुर में काफी वर्षों बाद श्वेतांबर जैन समाज में मुनिवरों का चतुर्मास होने से पर्युषण पर्व पर तपस्याओं की भी लगातार झड़ी लगी हुई हैं।,विगत 8 जुलाई से 51 दिवसीय ज्ञानसेतु तप,12 अगस्त से 16 दिवसीय अक्षयनिधि तप,समोशरण तप,विजय कसाय तप,20 अगस्त से 8 दिवसीय मोक्ष तप एवं 8 दिवसीय उपवास अट्ठाई,25 अगस्त से शुरू 3 दिवसीय अट्ठम तप के समस्त तपस्वियों का सामूहिक पारणा 28 अगस्त को, वरघोड़ा (रथयात्रा) का भव्य जुलूस एवं सभी का बहुमान, स्वामीवात्सल्य (भोज) कार्यक्रम के साथ 31 अगस्त दिन रविवार को सम्पन्न होगा।

## जैन मंदिर पदाधिकारियों ने ली शपथ



**गोटेगांव।** विगत दिवस 1008 श्री देव पारसनाथ दिगंबर पंचायती जैन बड़ा मंदिर ट्रस्ट की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को आयोजित किया गया। नगर में विराजमान मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज मुनिश्री 108 निर्दोष सागर जी महाराज के सानिध्य में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली। समिति का कार्यकाल 3 वर्ष होगा। विद्या भवन के प्रशांत सागर सभागार में आयोजित समारोह में सभी पदाधिकारियों ने मुनिश्री प्रबुद्ध सागर जी के चरणों में नमन करते हुए आशीर्वाद लिया। मुनि श्री ने शपथ ग्रहण सभा को संबोधित करते हुए समिति के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान कर, समाज हित में कार्य करने की बात कही। सभी पदाधिकारियों ने अपने कर्तव्यों का पक्षपात,राग, द्वेष के बिना श्रद्धा पूर्वक शुद्ध अंतःकरण से निर्वहन कर जैन समाज की सेवा, निष्ठा और विश्वास के साथ कार्य करने की शपथ ली।लोगों ने उम्मीद जताई है कि नवनिर्वाचित कमेटी सभी के साथ मिलकर अथक प्रयासों से समाज के प्रति समर्पण रखकर समाज को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कार्य करेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिंघई पंकज जैन ने कहा कि मंदिर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए, समाज के वरिष्टों, बुजुर्गों का सम्मान रखते हुए कर्तव्य, निष्ठा एवं ईमानदारी से धर्म एवं समाज हित में कार्य करेंगे। साथ ही शीघ्र ही एक जैन स्कूल का संचालन भी किया जाएगा और गौशाला संचालन को शीघ्र ही कार्य रूप में परिणित किया जाएगा। इस अवसर पर ट्रस्ट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में जैन महासभा के जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन का भी अभूतपूर्व सम्मान किया गया। यह क्षण समाज में एवं धार्मिक क्षेत्र में उनके योगदान को दर्शाता रहा। शपथ ग्रहण समारोह में जबलपुर जैन पंचायत के अध्यक्ष और पदाधिकारी के साथ ही नरसिंहपुर ,गाडरवारा तेंदूखेड़ा ,शहपुरा, करेली सहित अन्य नगरों से भी जैन समाज के सम्माननीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

### दुकान एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं को सातों दिवस खोले जाने की छूट

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** निश्चित साप्ताहिक अवकाश संबंधी प्रावधान को समाप्त करते हुए दुकान एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं को सातों दिवस खोले जाने के लिए छूट प्रदान की गई है। श्रम पदाधिकारी नरसिंहपुर दामिनी सिंह ने बताया कि मप्र राजपत्र (असाधारण) भोपाल में प्रकाशित आदेश के अनुसार मप्र दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 की धारा 13 के अनुसार के सशर्त (प्रत्येक कर्मचारी को नियोक्ता द्वारा संवैतनिक साप्ताहिक अवकाश प्रदान किया जाएगा) निश्चित साप्ताहिक अवकाश संबंधी प्रावधान को समाप्त कर सातों दिवस खोले जाने के लिए छूट प्रदान की गई है।

### तरवारा में ग्रामीण से मारपीट

**गोटेगांव।** पुलिस चौकी झौंतेश्वर के तरवारा गांव में मनोज पटेल के साथ गालियां देते हुए मारपीट की घटना कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में रिपोर्ट होने पर पुलिस ने छोटेलाल पटेल, शुभम पटेल के खिलाफ धारा २९६,*५१,* के तहत प्रकरण बनाया गया है।

### कंटेनर की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**गोटेगांव।** पुलिस थाना मुंगवानी के पटनियां तिराहा एनएच ४४ पर मुंगवानी टोला के पास रामकुमार यादव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कंटेनर एनएल ०१ एएफ १५४* के चालक पर धारा १०८, १२५, २८१, १८४ के तहत मामला दर्ज किया है।

## ग्रामीण इकाई कार्यकारिणी का साहू समाज ने किया गठन



**गोटेगांव।** विगतदिवस साहू समाज उत्थान मंडल गोटेगांव ने त्रिभुवन साहू के निवास स्थान पर एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई बैठक में ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के स्वाजतीय बंधुओ ने सहभागिता दी जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती मैया जी के तेल चित्र पर पूजन अर्चन माल्यार्पण करने के उपरांत मां कर्मा देवी जी की आरती का गायन किया गया, साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से विभिन्न ग्रामों से आए हुए सभी स्वजातीय बंधुओं का नगर साहू उथान मंडल गोटेगांव के समस्त पदाधिकारी द्वारा स्वागत वंदन किया ! इसके पश्चात साहू समाज के अध्यक्ष भगवान दास साहू की अध्यक्षता में बैठक प्रारंभ की गई जिसमें ग्रामीण क्षेत्र इकाई कार्यकारिणी कार्यकर्ताओं का गठन किया गया जिसमें सर्व सहमति से ग्रामीण क्षेत्र कार्यकारिणी का अध्यक्ष त्रिभुवन साहू मुहास वालों को चुना गया साथ ही उपाध्यक्ष पद पर अतुल साहू गुंदरई लवकेश साहू बगासपुर वीरन साहू सिमरिया कमलेश साहू मुहास टॉवल साहू बामणी रामेश्वर साहू इमलिया कन्हैया लाल साहू देवनगर श्री राम साहू चंदनखेड़ा को नियुक्त किया एवं रामकृष्ण साहू बम्हनी, सुंदरलाल साहू इमलिया, धनीराम साहू मुरदई, जमुना प्रसाद साहू श्रीनगर रामबगस साहू मानेगांव हेतराम साहू इमलिया राम जी साहू इमलिया को वरिष्ठ संरक्षक बनाया गया एवं सचिव पद पर कल्याण साहू इमलिया सहसचिव सेवाराम साहू मानेगांव व कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू श्रीनगर सह कोष अध्यक्ष नरेंद्र साहू गुंदरई सह संगठन मंत्री मोनू साहू मुहास प्रचार सचिव संजय साहू सनगापुर विनोद साहू मुहासा टीकाराम साहू उमरिया कमल साहू चंदन खेड़ा अमित साहू रामकुमार साहू मुहासकार्यकारणी सदस्य टीकाराम साहू मोहनलाल साहू भीकम साहू संतोष साहू उमेश साहू दिनेश साहू आशीष साहू सुदामा साहू सुनील साहू देव सिंह साहू भागीरथ साहू मानसिंह साहू देव नगर वालों को सदस्य बनाया गया साथ ही बैठक में 2024 में मनाई गई मां कर्मा देवी जयंती समारोह कार्यक्रम का ब्यूरो सभी ग्रामीण जनों के बीच उपस्थित आए एवं व्यय का बुरा दिया गया इस अवसर पर शिव शंकर साहू घनश्याम साहू गुलाब साहू खेमचंद साहू ओम प्रकाश साहू राजकुमार साहू भोला साहू संगीत साहू अमन साहू रूपेश साहू पत्रकार आशीष साहू सहित स्वाजतीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थितथे !

## कंप्यूटर सेंटरों पर छात्र-छात्राओं के मध्य हुआ स्वदेशी संकल्प





**तेंदूखेड़ा।** संचालित करियर कंप्यूटर सेंटर एवं सेंटरों में छात्र-छात्राओं के मध्य स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के संकल्प पत्र का बाचन हुआ मुख्य वक्ता प्रांत कार्यकारिणी सदस्य विद्या भारती नीरज राय ने विषय रखते हुए स्वदेशी के विचार को घर-घर तक पहुंचाने के लिए आह्वान किया देश की युवा शक्ति इन आयोजनों का हिस्सा बने । सकारात्मक रूप से आगे बढ़ते हुए स्वावलंबी भारत अभियान में अपना विशेष योगदान दें विदेशी वस्तुओं का त्याग कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया गया। वर्तमान में हो रही ऑनलाइन खरीदी के प्लेटफार्म को छोड़कर स्थानीय स्तर से खरीदी हो इस बात पर जोर देने की आवश्यकता स्थानीय व्यापारियों को बढ़ावा मिल सके इस अवसर पर करियर कंप्यूटर सेंटरों मे आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि यश कुमार पटेल विशिष्ट अतिथि निलेश खरे जिला प्रचार प्रमुख एवं एनोड कंप्यूटर सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमित जैन अध्यक्षता संतोष



## संभाग स्तरीय टूर्नामेंट में डोभी के छात्र अनंत पटेल का बेहतर प्रदर्शन

**तेंदूखेड़ा।** बच्चों में खेल भावनाओं को जागृत करने एवं खेलो के महत्व को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारों द्वारा हर वर्ष विकासखंड स्तर से लेकर जिला स्तर एवं संभाग स्तर तक टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं।इसी सिलसिले में विगत दिनों संभाग स्तर पर आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट में नरसिंहपुर जिला खेल अधिकारी मनीष कटारे पंकज नेमा के मार्गदर्शन में नरसिंहपुर जिले से पुरुष वर्ग 14 वर्ष द्वारा फाइनल मैच में जबलपुर को हराकर एवं 17 वर्ष पुरुष वर्ग मैं टीम बालाघाट को हराकर नरसिंहपुर टीम ने खिताब जीते। जिला स्तर पर टूर्नामेंट समाप्त होने के बाद संभाग स्तर पर टूर्नामेंट आयोजित किया गया। जिसमें आठ जिलों की टीमों ने भाग लिया इसमें विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी माध्यमिक शाला से छात्र अनंत पटेल का नाम संभाग स्तर के लिए चयनित किया गया था। जबलपुर में आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट में अनंत पटेल द्वारा बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को सफलता दिलाई और अपने जिले का नाम रोशन करते हुए टूर्नामेंट साथ में लेकर आए। अनंत पटेल खेल शिक्षक सचिन पटेल की इस उपलब्धि और समस्त जिले की टीम को सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।